Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-11-2022 | अंक 401

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर अपेम वेलफेयर फाउंडेशन ने कराई रॉयल ऑर्किड स्कूल में की पेंटिंग प्रतियोगिता

## 160 बच्चो ने लिया भाग, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



विजेता को सम्मानित करते अपेम के सदस्य



बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत बच्चे



विद्यालय परिवार को सम्मानित करते अपेम के सदस्य









**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से रसोईया धमना चकुरा टांड में संचालित र०यल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, रसोईया धमना मुखिया गोविंद साव, पंचायत समिति सदस्य मो तैयब, अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, पुस्तक भंडार के प्रोपराइटर शैलेंद्र गुप्ता, शुभम कुमार, प्रतिभा कला कुंज की प्रतिभा कुमारी, प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। पेंटिंग प्रतियोगिता में पेंटिंग मैट्रियल की व्यवस्था पुस्तक भंडार एवं आर एस इंटरप्राइजेज के माध्यम से कैसल्स कंपनी के द्वारा की गई थी । पेंटिंग प्रतियोगिता चार ग्रुप प्राइमरी, ल०यर सेकेंडरी, अप्पर सेकेंडरी एवं हायर क्लास वर्ग में बांट कर किया गया। सभी केटेगरी के लिए थीम पूर्व निर्धारित था। इसमें प्राइमरी के लिए किसी राष्ट्रीय महापुरुष का चित्र, लॉयर सेकेंडरी के लिए स्वच्छ भारत अभियान, अप्पर सेकेंडरी के लिए प्रकृति का दृश्य एवं हायर क्लास के लिए किसी शहर या गांव का सीन का थीम निर्धारित था। सभी बच्चों ने बेहतरीन पेंटिंग की। प्रतिभा कला कुंज की प्रतिभा कुमारी एवं अपेम चीफ एडवाइजर ड० अनिल कुमार ने जजमेंट कर हरेक केटेगरी के लिए बेहतर तीन तीन प्रतिभागियों का चयन किया। इनमे प्राइमरी में क्लास तीसरी की मिस्टी कुमारी को प्रथम, क्लास दितीय की अनन्या केसरी को दूसरा एवं क्लास वन की बूसरा प्रवीण को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार के लिए लवली कुमारी एवं साकिब हुसैन का चयन किया गया । वही ल०यर सेकेंडरी वर्ग में क्लास छठा की गीता कुमारी को प्रथम, क्लास छठा की अनुज कुमार को द्वितीय एवं क्लास चतुर्थ की जुनैद इकबाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । इसके अलावा तस्मिया प्रवीण एवं आशिका सिंह को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया । अप्पर सेकेंडरी वर्ग में क्लास सेवन की राशि कुमारी को प्रथम, क्लास सेवंथ की ही श्वेता राणा को द्वितीय एवं क्लास 7 की ही सुप्रिया कुमारी को तीसरा स्थान मिला । इसके अलावे तहजीब जहां एवं नमन सोनी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयन किया गया। हायर क्लास में वर्ग 10 की प्राची कुमारी को प्रथम, क्लास 10वीं की ही फरीदा नाज को द्वितीय एवं क्लास नाइंथ की मुक्ति कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ । इसके अलावे माही कुमारी एवं शिव कुमार यादव को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में भी तीन सर्वश्रेष्ठ का चयन अपेम टीम के द्वारा किया गया। सभी बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुस्तक भंडार एवं अपेम की ओर से प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्रॉफी, एवं पठन पाठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बेस्ट खोखो खिलाड़ी तृप्ति गुडिया, बेस्ट क्रिकेटर ऋषि कुमारी वर्मा, सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थी रितिका कुमारी एवं योगेश कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर ही राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सोनू पंडित एवं योगेंद्र प्रजापति को डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। अपेम की ओर से विद्यालय प्राचार्य अनूप कुमार सिंह एवं सभी सिक्षको को सामूहिक तौर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रतिभा कुमारी, पंकज कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सुभाशीष पायने, सीमा कुमारी, राज आर्यन, मो सदाम,संजय रविदास, राजू साव सहित कई लोग मौजूद थे।

# दूधपनिया में विहिप ने चलाया हित चिंतक अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के दूधपनिया में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा हित चिंतक अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विहिप के सक्रिय सदस्य मुकेश कुमार ने बताया की इस अभियान का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, धर्म की रक्षा करना वा समाज की सेवा करना है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की देश के 01 करोड़ 30 लाख गांवों में यह अभियान चलाया जा रहा है। विहिप के अभियान को भारत के लाखों गांवों व कस्बों में एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी व लगातार बढ़ते हुए संगठन के रूप में देखा जा रहा है। गौ हत्या कर रोक व लव जिहाद पर रोक लगाना आदि कार्य हित चिंतक अभियान के माध्यम से चलाया जा रहा है।

# सर्पदंश से महिला की हुई मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचूवा पंचायत के कुटुमा निवासी सोनिया मोसोमात की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महिला को सोमवार को किसी विषैला सांप ने डंस लिया था। जिसका इलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में चल रहा था जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई

# सम्मान : मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पत्रकारों के साथ मुखिया राजेंद्र प्रसाद

राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने पत्रकारों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमे बरही बीडीओ सी. आर इंदवार एवं करियातपुर मुखिया मनोज कुमार शामिल हुए। वहीं इस दौरान सभी पत्रकारों को उपहार के रूप में डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने बताई की पत्रकारों को किसी सीमा में नही बांधा जा सकता है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हो रही हलचलों से पत्रकार हमें रु - बरु कराते है। पत्रकारिता जीवन के प्रत्येक पहलू पर नजर रखती है। मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने पत्रकारों की महता को बताते हुए कहा की सामाजिक सरोकार तथा सार्वजनिक हित से जुड़कर ही पत्रकारिता सार्थक बनती है। सामाजिक सरोकारों को व्यवस्था की दहलीज तक पहुंचाने और प्रशासन की जनहितकारी नीतियों तथा योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक ले जाने के दायित्व का निर्वाह करती है। मौके पर जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, रितेश कुमार, अनुज सोनी, सुरेंद्र निषाद, बीरेंद्र शर्मा, अनुज यादव, जयदीप सिन्हा, सोनू पंडित, शान अख्तर, धनंजय कुमार,अमित सोनी, अजय कुशवाहा, योगेंद्र प्रजापति, अनुज सिंह, सोमनाथ कुमार एवं कमलशंकर पंडित मुख्य रूप से मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## दुलमाहा में कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न, सुभाष यादव बने अध्यक्ष व मो जावेद बने सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत बुधवार को बरही प्रखण्ड के दुलमाहा पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सुभाष यादव को दुलमाहा पंचायत का अध्यक्ष व मो जावेद को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्घ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को आजादी की लड़ाई के दौरान जान गवानी पड़ी थी। गांधी जी, पं. नेहरू, सरदार पटेल जैसे दिग्गज नेताओं को जेल जाना पड़ा था। देश की आजादी से लेकर नव निर्माण तक कांग्रेस का योगदान सर्वाधिक रहा है। विकास का जो खाका आज दिखाई दे रहा है। वह कांग्रेसियों के बलबूते ही तैयार हुआ है। पार्टी इन्ही विचारों को लेकर आज बढ़ रही है। मौके पर सुनील कुमार भुइयां, बसंत कुमार भुइयां, लक्ष्मण कुमार दास, प्रदीप कुमार भुइयां, सहदेव यादव, महेश यादव, भुनेश्वर भुइयां, रविंदर यादव, कृ ष्णा यादव, दशरथ रविदास, गुलाब यादव, बलदेव यादव, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद जावेद, श्याम, सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू का साहू समाज ने किया जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


सुनील साहू का स्वागत करते साहू समाज के लोग

रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत छोटकी बरही महावीर स्थान में साहू समाज की ओर से स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया गोविंद प्रसाद साहू व संचालन समाजसेवी रा. जदेव साहू ने किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित लोगों ने सुनील साहू को बुके व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पंचायत के उप मुखिया वीरेंद्र साहू ने कहा कि पहली बार साहू समाज से बरही प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है, जो काफी गर्व की बात है। वही चौपारण से चलकर आए बीरबल साहू ने कहा कि बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव को मैं धन्यवाद देता हूं कि जिन्होंने साहू समाज के इतनी बड़ी आबादी पर ध्यान देने का काम किया है और अपना प्रतिनिधि बनाने का काम बरही में किया। वही पंचायत के मुखिया गोविंद साहू ने कहा कि काफी गर्व की बात है कि हमारे समाज का बेटा विधायक प्रतिनिधि बना है। सुनील साहू ने बरही विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी मिली है। उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। समाज के लोगों को इस सम्मान समारोह के लिए साधुवाद दिया। मौके पर मुखिया गोविंद प्रसाद, उप मुखिया वीरेंद्र साहू, अनुमंडलीय साहू समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष बीरबल साहू, युवा अनुमंडलीय अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव विकास गुप्ता, सिकंदर साहू, इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, शिक्षक वीरेंद्र साहू, नितेश कुमार, पूरनदेव साव,युवा नेता मनोज साहू, बीरबल उर्फ सोनू कुमार, सिकंदर कुमार, रो. हित साहू, देवराज कुमार, कृष्णा कुमार, चौरंगी कुमार, नौरंगी कुमार, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार, रामानंद कुमार, मंटू कुमार, राजकुमार, सूरज कुमार आदि भारी संख्या में युवा साथी मौजूद थे।

## बड़कागांव प्रेस संघ ने केक काटकर मनाया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रेस कार्यालय में पत्रकार संघ के अध्यक्ष उग्रसेन गिरी की अध्यक्षता एवं सचिव दीपक सिन्हा के संचालन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर केक काटकर प्रेस दिवस मनाया। मौके पर उपस्थित उग्रसेन गिरी ने अपने 32 साल की पत्रकारिता का अनुभव पत्रकारों के बीच में साझा किया। उग्रसेन ग्रीन कहा कि पत्रकारिता पत्रकारों के समक्ष एक बहुत बड़ी चुनौती होती है, पत्रकार समाज में एक दर्पण के रूप में कार्य करते हैं, हम पत्रकारों को सोच समझकर लेखनी लिखना चाहिए।मौके पर मुख्य रूप से उग्रसेन गिरी, दीपक सिन्हा, रितेश कुमार ठाकुर, अमित मालाकार, शमशेर आलम, राजेश कुमार, विकी करमाली, संजय कुमार, शहजाद राही के अलावा कई पत्रकार उपस्थित थे।

## 25 लाख के इनामी नक्सली गौतम पासवान के घर चतरा पुलिस ने कुड़की जप्ती में अपनाया योगी मॉडल

### नक्सली न्यायालय या पुलिस के समक्ष करें सरेंडर नहीं तो बेमौत मारे जाएंगे : एस डी पी ओ






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

चतरा : अब चतरा आरक्षी अधीक्षक जिले में अपराधियो और नक्सलियों के खिलाफ योगी मॉडल कावाई करना शुरू कर दिए हैं।आरक्षी अधीक्षक एवं न्यायालय के आदेश के बाद एस डी पी ओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में ईनामी नक्सली के विरुद्ध चतरा पुलिस ने अपनाया योगी म०डल। जेसीबी के सहयोग से फरार नक्सली के घर हुई विध्वंसक कार्रवाई। भाकपा माओवादी सैक सदस्य 25 लाख के ईनामी नक्सली गौतम पासवान के घर को बुधवार को कुर्क किया गया।यह कार्रवाई राजपुर थाना कांड संख्या 84/15 मामले में प्रतापपुर पुलिस के सहयोग से हुई कार्रवाई। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में फरार माओवादी शीर्ष नक्सली गौतम पासवान के विरुद्ध राजपुर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई। न्यायालय के निर्देश पर चल-अचल सम्पति को किया गया जप्त, जेसीबी से घर मे लगे चौखट-दरवाजा भी उखाड़ ले गई पुलिस। एसडीपीओ ने दिया न्यायालय में सरेंडर करने की चेतावनी। कहा सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं समाज से भटके नक्सली, वर्ना कठोर कार्रवाई के लिये रहे तैयार। पूर्व में इस्तेहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने का पुलिस ने दिया था माओवादी नेता को मौका। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में हुई कार्रवाई।

## जन जागरण केंद्र हुआ एक दिवसीय चौपाल का आयोजन, 190 शिल्पकारों ने लिया भाग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चौपाल में शामिल शिल्पकार एवं अधिकारी

बरही धनबाद रोड में संचालित जनजागरण केंद्र में मंगलवार को विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) सेवा केंद्र रांची द्वारा एक दिवसीय चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका संचालन चितरंजन महतो ने किया। इस एकदिवसीय चौपाल में बांस एवं चमड़ा शिल्पकारों ने भाग लिया। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) से बारी बारी सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी सहायक निदेशक (हजारीबाग) के द्वारा दिया गया। साथ ही इस चौपाल में उपस्थित जन जागरण केंद्र केंद्र के डायरेक्टर अजय कुमार सिंह ने जन जागरण केंद्र के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा जन जागरण केंद्र के महिलाओं को समय समय पर इस प्रकार का प्रशिक्षण हमेशा से दिलाते रही है। बरही प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह ने कृषि तकनीक एवं कृषि के विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दिए। साथ ही मौके पर मौजूद उद्योग विभाग के सुरेश चंद्र मेहता ने महिलाओं को उद्योग लगाने एवं आत्मनिर्भर बनने का तकनीक बताए। इस एक दिवसीय चौपाल में करियातपुर, बरही, बाराटांड, हरिला तुरी टोला और कोनरा तूरी टोला के लगभग 190 हस्तशिल्पक. ारों ने भाग लिया। चौपाल में भाग लेने वाले शिल्पकारों में उर्मिला देवी, चिंता देवी, बिशुन रविदास, बिना देवी, पूनम देवी, रूपा देवी, चोली रविदास, कांति देवी, गूंजा देवी, लक्ष्मी देवी, रिंकी देवी, सरस्वती देवी, प्रेमी देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, बेबी देवी, अर्जुन तुरी, रीता देवी, दिनेश तुरी, पूनम देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 15-11-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जीवन सवेरा फाउंडेशन द्वारा निशुल्क फ्री हैंड राइटिंग व ड्राइंग कंपटीशन के साथ-साथ महिला, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन







**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

जीवन सवेरा फाउंडेशन की ओर से फ्री हैंड राइटिंग एंड ड्रॉइंग कंपटीशन के साथ-साथ महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर चंदवारा प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव माथाडीह, राज्य झारखंड के एक निजी विद्यालय ऑक्सफोर्ड अकैडमी में किया गया। इस प्रतियो. गिता में ऑक्सफोर्ड अकैडमी के बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए, जहां जूनियर विंग में आयुष कुमार, विक्रम कुमार, और साजन कुमार ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ।तथा सीनियर विंग में साक्षी कुमारी,सोनी कुमारी, साक्षी कुमारी, पुष्पा कुमारी, मधु यादव, आरव कुमार और कोयल कुमारी को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।उसके अलावा हैंड राइटिंग कंपटीशन में नेहा कुमारी, प्रथम नेहा कुमारी,ज्योति कुमारी द्वितीय, तृतीय मधु कुमारी ने प्राप्त किया साथ ही साथ महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में चंदवारा प्रखंड के ग्राम पंचायत के लोकप्रिय मुखिया पुष्पा देवी मास्टर ट्रेनर सुजीत नायक एवं जीवन सवेरा फाउंडेशन के डायरेक्टर राजू भाटिया, सनी भाटिया, उदय चंद्र किशोर, सरवर खान विद्यालय के बालिकाओं को मासिक धर्म से जुड़े हुए जानकारी एवं सुरक्षा संबंधी नियमों को बताया। इसके साथ-साथ उन्हें मुफ्त में सेनेटरी पैड भी वितरित किया गया तथा लोगों के बीच मासिक धर्म के बीच जो व्याप्त गलत धारणा समाज में व्याप्त है उससे बाहर निकल कर उनके बारे में विस्तार से सही जानकारी दी गई। जहां ऑक्सफोर्ड अकैडमी के निदेशक श्री रोहित कुमार ने जीवन सवेरा फाउंडेशन को धन्यवाद देते हुए इस मुहिम को सारे प्रखंड एवं जिले में जागरूकता शिविर को लोगों के बीच जानकारी देने का सुझाव भी दिए।इस अवसर पर विद्यालय के गणमान्य शिक्षक रोशन कुमार, राहुल रजक, श्रुति, अर्जुन, दीपिका, जानसी परवीन, मालती पंडित, प्रीति कुमारी खुशबू कुमारी अजय कुमार उमेश कुमार एवं विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं मौके पर उपस्थित रहे

## विकास सेवा समिति का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अध्यक्ष दशरथ महतो

बड़कागांव विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बड़कागांव की टंडवा रोड स्थित विकास समिति कार्यालय प्रांगण में 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार , संचालन सचिव बुद्धि नाथ महतो एवं सिकंदर सोनी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष दशरथ कुमार एवं उपस्थित डायरेक्टर अ०फ बोर्ड के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में 20 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को पुरस्कार एवं उपस्थित सदस्यों को श०ल ओढ़ाकर देकर देकर सम्मानित किया गया। 20 ट०प सदस्यों में प्रथम स्थान उमेश प्रसाद सिन्हा, द्वितीय स्थान सिकंदर कुमार सोनी, तृतीय स्थान लखन महतो, चतुर्थ स्थान सुरेंद्र कुमार, पाचवा शंभू ठाकुर, छठा दशरथ कुमार, सातवां शशि कुमार मेहता, इसी प्रकार रंजीत कुमार, विदेशी कुमार दांगी, जय हिंद महतो, विष्णु दयाल, ज्ञानी कुमार, कौलेश्वर कुमार, योगेंद्र कुमार, बालमुकुंद प्रसाद, अरविंद कुमार, अभिनव कुमार, जितेंद्र कुमार, परमेश्वर कुमार, एवं अमलेश कुमार शामिल है। मौके पर अध्यक्ष दशरथ कुमार ने कहा कि आप सदस्यों के बेहतर परफॉर्मेंस के बदौलत बदौलत ही समिति आगे बढ़ रहा है , हमें इसे और गति देने आवश्यकता है। ताकि समिति और तेजी से आगे बढ़ सके।इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों में अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धि नाथ महतो, कार्यकारिणी सदस्य पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, अनीता देवी ,लालमणि महतो, ज्ञानी कुमार, देव प्रसाद महतो, ईश्वरी प्रसाद, सभ्य भवानी, राधा देवी, प्रवीण कुमार, उमेश प्रसाद, अरविंद कुमार, विकास कुमार, मुनेश कुमार, विष्णु दयाल, गणेश प्रसाद, अश्विनी कुमार, जागेश्वर महतो, दिलीप कुमार, राजू कुमार, नारायण कुमार, संजय कुमार, रोहित कुमार, परमेश्वर कुमार के अलावा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## बैंक ग्राहकों को साइबर ठगी से बचाव की मिली अहम जानकारी

### शिकायतों के निवारण की पद्धति पर भी हुआ फोकस





**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

बैंकिंग ग्राहक सर्तकता जागरूकता को लेकर बुधवार को चेडरा पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सखी मंडल की महिलाओं, बैंक ग्राहक तथा ग्रामीणों को वित्तीय ठगी से बचाव को लेकर जानकारी दी गई। बतौर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक सुधाकर पांडेय ने कहा कि बदलते तकनीक के साथ साइबर ठगी के मामलों में काफी वृद्धि हुई है। वित्तीय लेन देन में जानकारी के अभाव में रोज नए ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग जागरूकता लाकर इनसे बचा जा सकता है। कहा कि फोन क०ल में बैंक, बीमा कंपनी, सरकारी विभाग के क०ल सेंटर का एजेंट या बैंक का शाखा प्रबंधक बताने वाले लोगों के प्रलोभन में नहीं फंसे। इनसे उपयोगकर्ता नाम, पासवार्ड, एटीएम विवरण, पिन, सीवीवी, ओटीपी, जन्मतिथि, आधार नंबर आदि कदापि साक्षा नहीं करें। इसका प्रयोग कर ठग आपके बैंक में जमा की गई धनराशि की निकासी कर सकते हैं। मोबाइल में आने वाले किसी अज्ञात लिंक पर भी क्लिक नहीं करें। एटीएम जाने पर अजनबी से मदद लेने से बचें। कहा कि आपकी जानकारी से हीं आपके धनराशि का बचाव हो सकता है। इसकी जानकारी अपने आसपास के लोगों को भी दें। कहा कि इसी जागरूकता को लेकर रिजर्व बैंक अ०फ इंडिया द्वारा पूरे नवंबर माह तक ग्राहक सर्तकता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जेआरजीबी डीसीओ श्यामसुंदर रजक ने कहा कि किसी तरह की बैंकिंग शिकायत के लिए शाखा प्रबंधक से मिलें। यहां समस्या का निष्पादन नहीं होने पर जिला क्षेत्रीय कार्यालय पर संपर्क कर निष्पादन करा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने बैंकिंग के संबंध में कई अहम जानकारियां दी। मौके पर जेआरजीबी विष्णुगढ़ शाखा प्रबंधक मुक्ति कुमार, बीओआई प्रबंधक, जेएसएलपीएस बीपीएम रामगिरी उरांव, एफएलसी मनीषा कुमारी समेत सखी मंडल की महिलाएं एवं कई ग्रामीण मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित टीकाकरण को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

### नियमित लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 88 फीसदी हो पाया टीकाकरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बैठक में शामिल एएनएम, सहिया साथी एवं सहिया

विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को गर्भवती स्त्रियों एवं नवजात शिशुओं के नियमित टीकाकरण को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिलमुनि प्रसाद ने की। बैठक में प्रखंड में एक अप्रैल से लेकर अक्टूबर तक प्रखंड में गर्भवती स्त्रियों एवं नवजात शिशुओं के टीकाकरण प्रगति को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए आरसीएच पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड में गर्भवती स्त्रियों के टीक. ाकरण के निर्धारित लक्ष्य 2968 के विरुद्ध 2972 टीकाकरण किया गया जो अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन इसका समय से नहीं होना दुखद स्थिति है। वहीं, नवजात शिशु के टीकाकरण 2624 के विरुद्ध मात्र 2319 टीक. ाकरण हो पाया जो लक्ष्य का मात्र 88 फीसदी है। उन्होंने बैठक में शामिल एएनएम सहिया साथी एवं सहिया से अपील करते हुए इसे हर हाल में 100 फीसदी करने का निर्देश दिया। कहा कि नवजात शिशुओं को बीसीजी, पेंटा, ओपीवी, आईपीवी, पीसीबी, रोटा, एमआर तथा जेई का निर्धारित टीका समय पर जरूर लगना चाहिए। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। बैठक में डब्लूएचओ के पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने भी संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए टीकाकरण की अहम जिम्मेदारी को पूर्ण करने की बात कही। मौके पर ड० विनय पांडेय, एमआई अजय कुमार सिन्हा, बीपीएम पुष्पा श्रीवास्तव, डीएम प्रमोद कुमार, एएनएम उमा कुमार महतो, सविता कुमारी, मीना कुमारी, कांति हेंब्रम, प्रीति कुमारी, यशोदा कुमारी, खुशबू कुमारी समेत कई एएनएम सहिया साथी एवं सहिया मौजूद थे।




## एस. के. वाई क्लब ने मनाया छठवां स्थापना दिवस

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा पश्चिमी पंचायत चिलौडीह गांव में ग्रामीण युवा के क्षेत्र द्वारा स्थापित क्लब के सदस्यों ने अपने स्थापित क्लब का छठा स्थापना दिवस मना लिया है क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया बता दे की यह क्लब अपने गांव स्तर पर असहाय अशिक्षित गरीब तथा अंधविश्वास के प्रति लगातार अपने गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास विगत छ वर्षो से करते आ रही है इस मौके पर सभी सदस्यों ने या प्रण लिया की एकता और सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे तथा हर एक सुख दुख में लोगों का भरपूर सहयोग करेंगे इस स्थापना दिवस के मौके पर उपाध्यक्ष विकास कुमार, एवं सचिव मनोज कुमार यादव ,पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा, बंटी कुमार, दीपक कुमार, तथा सभी क्लब के सदस्य मौके पर उपस्थित रहे

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार